# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय अनुभव पुरस्कार–2026 प्रदान करेंगे।
2. राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने यूजीसी–नेट परीक्षा के तीन विषयों की पुनर्परीक्षा की घोषणा की।
3. भारतीय हज समिति, मुंबई ने द्वीपसमूह से राज्य हज निरीक्षक के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।
4. राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में कल से इंटर स्कूल नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय अनुभव पुरस्कार–2026 प्रदान करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि इस अवसर पर पेंशन मित्र पुस्तिका और देशव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र–डीएलसी अभियान–5 के दिशा–निर्देश भी जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान एक बैंक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। इसमें 17 पेंशन वितरण बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए तैयार अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय अनुभव पुरस्कार योजना–2026 के लिए 15 कर्मचारियों का चयन किया गया है। इन पुरस्कार विजेताओं ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और पासपोर्ट सेवा केंद्र, पुराने नियमों को समाप्त कर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप नए नियम बनाने, प्रशासन और लेखा व्यवस्था में तकनीकी बदलाव तथा ऊर्जा संरक्षण जैसी विभिन्न महत्वाकांक्षी सरकारी परियोजनाओं में योगदान दिया है। अनुभव मंच केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त और सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों, 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों को सरकार में अपने कार्य अनुभव साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने यूजीसी–नेट परीक्षा के तीन विषयों – अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र – की पुनर्परीक्षा की घोषणा की है। इन विषयों में कई त्रुटियों की शिकायतें मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया है। एनटीए ने बताया कि अंग्रेजी का विषय 9 सितंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक, वाणिज्य का विषय उसी दिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक और समाजशास्त्र का विषय 10 सितंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। एनटीए ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर पद की पात्रता और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 87 विषयों में यूजीसी–नेट जून 2026 परीक्षा 22 से 30 जून तक आयोजित की थी। एनटीए ने इन त्रुटियों की जांच के लिए एक समिति का गठन किया था। समिति ने निष्पक्ष और त्रुटिरहित परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन तीनों विषयों की पुनर्परीक्षा की सिफारिश की थी।

<><><><><><>

मुख्य भूमि के संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए द्वीपसमूह के छात्रों के लिए आरक्षित विभिन्न व्यावसायिक, तकनीकी और गैर–तकनीकी पाठ्यक्रमों के आवंटन हेतु आवेदन करने वाले सभी संबंधित उम्मीदवारों से कहा गया है कि इन सीटों के लिए जारी अस्थाई वरीयता सूची अंतिम वरीयता सूची मानी जाए। बी.एड. (भोपाल), बी.ई., बी.टेक. लैटरल एंट्री और स्नातकोत्तर की रिक्त सीटों के साथ विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए परामर्श 20 अगस्त को सुबह 10 बजे से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि में उपस्थित होने को कहा गया है। बची हुई सीटों को मेरिट के अनुसार बाद में आवंटित किया जा सकता है।

<><><><><><>

भारतीय हज समिति, मुंबई ने हज–2027 के लिए द्वीपसमूह से एक राज्य हज निरीक्षक के चयन हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस पद के लिए केंद्र, राज्य सरकार, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, अर्धसैनिक बल, स्वायत्त निकायों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के स्थायी

कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार की अधिकतम आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। हज निरीक्षक पर होने वाले कुल व्यय का 50 प्रतिशत हिस्सा भारतीय हज समिति वहन करेगा और शेष 50 प्रतिशत यूटी हज समिति द्वारा वहन किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त है। अधिक जानकारी hajcommittee.gov.in पर उपलब्ध है अथवा सहायता के लिए समाज कल्याण विभाग स्थित अध्यक्ष कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप–शिक्षा अधिकारी के खेल अनुभाग की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस और आगामी SGFI 2026 के अवसर पर अंडर–19 बालकों की श्रेणी में इंटर स्कूल नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट सह चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। इस चयन ट्रायल में दक्षिण अंडमान ज़ोन के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के पहली जनवरी 2007 या उसके बाद जन्मे छात्र भाग ले सकते हैं। टूर्नामेंट कल से 25 अगस्त तक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भातुबस्ती स्कूल मैदान में खेला जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से अगस्त और सितंबर माह के दौरान श्री विजयपुरम में जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप, जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप और जिला तीरंदाजी चैंपियनशिप बाईस तथा तेईस अगस्त को आयोजित होगी। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बीस अगस्त है। सभी इच्छुक खिलाड़ियों और टीमों से अपनी प्रविष्टियाँ निर्धारित गूगल फार्म के माध्यम से जमा करने को कहा गया है। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र लिंक और अन्य विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में शिप रिपेयर यूनिट में अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ परियोजना अधिकारी और परियोजना अधिकारी के एक–एक पद के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक

उम्मीदवार 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार कमान मुख्यालय की ओर से सैन्य विमानों द्वारा फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास कल और 25 अगस्त सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसके अलावा 19, 21 और 28 अगस्त को भी दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के लोगों से स्वयं को तथा अपने जहाजों को फायरिंग रेंज से दूर रखने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><><>**